## संदर्भ की शर्तें
## कनसल्टेंट–स्वास्थ्य /स्वास्थ्य नीति और समेकित नियोजन के लिए मानव संसाधन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है। इसका उद्देश्य
सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण में मदद उपलब्ध कराना है। इस केंद्र को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम तैयार करने में योगदान करने का भी जनादेश प्राप्त है।

**एचआरएच/एचपीआईपी विभाग का परिचय** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन (एचआरएच)/स्वास्थ्य नीति और समेकित नियोजन (एचपीआईपी) विभाग स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन को सुदृढ़ बनाने, स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने संबंधी नीतियां विकसित करने और समेकित नियोजन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों को सहायता और तकनीकी मदद उपलब्ध कराने पर ध्यान देता है।
यह दल राज्यों को निम्नलिखित सहायता उपलब्ध करा रहा है,

- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन के लिए व्यापक कार्यनीतियां विकसित करना
- सभी कर्मियों के व्यापक प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण के माध्यम से राज्य स्तर पर मानव संसाधन प्रकोष्ठ को सुदृढ़ करना
- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन की योजना में सुधार, भर्ती और बनाए रखने, श्रमशक्ति प्रबंधन और प्रदर्शन के अनुसार वेतन को औचित्यपूर्ण बनाने के लिए कार्यनीतियां तैयार करना
- स्वास्थ्य प्रणाली दृष्टिकोण कार्यान्वित करना
- समेकित नियोजन को सुदृढ़ बनाना

यह दल स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन संबंधी प्रमाण–आधारित योजनाएं तैयार करने के लिए व्यवस्थित अध्ययन भी कराता है।

यदि आप स्वास्थ्य के क्षेत्र में और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो आपके पास भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध दल के साथ काम करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर सहायता कार्यक्रम लागू करने में सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में सक्षम होने की प्रक्रिया में भागीदार बनने का अवसर देता है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों के दल के साथ कार्य करके आप सेवा प्रदान करने की प्रणाली, सबको प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधानों की खोज, अनुकूलन, सह–सृजन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह एक तरह से स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, जिला और उप–जिला स्तर पर कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान बांटने और सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा के विजन को साकार करने में सक्षम होने का अवसर है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर **कनसल्टेंट** – स्वास्थ्य/स्वास्थ्य नीति और समेकित नियोजन के लिए मानव संसाधन नियुक्त करने का इच्छुक है।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्व** :

- स्वास्थ्य के लिए मावन संसाधन नियोजन और प्रबंधन अभ्यासों को सुदृढ़ बनाने में राज्यों की सहायता करना।
- स्वास्थ्य के लिए मावन संसाधन के बारे में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध विविध आंकड़ों/ राज्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की समीक्षा। आंकड़ों का विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करना। राज्यों द्वारा की गई भर्ती की नियमित समीक्षा और रिक्ति की निगरानी करना।
- दी गई परियोजना के स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन की स्थिति की नियमित आधार पर निगरानी करना और आईपीएचएस तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश संबंधी अन्य एचआरएच का कार्यान्वयन सुगम बनाना।
- निगरानी के लिए नियमित क्षेत्र भ्रमण करना और एचआरएच एवं कार्यक्रम प्रबंधन के बारे में सहायक पर्यवेक्षण उपलब्ध कराना।
- राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) का मूल्यांकन करना और एनपीसीसी के लिए चर्चा के बिंदु तैयार करना। एनपीसीसी के दौरान और एनएचएम के मानदंडों के अनुसार लिए गए निर्णयों पर आधारित अनुशंसाएं उपलब्ध कराना।
- मंत्रालय और विभाग की आवश्यकता के अनुसार राज्यों से आंकड़े एकत्र करना।
- वार्षिक योजना के अनुसार अध्ययनों के परिकल्पना नोट तैयार करना, आंकड़े एकत्र करना, विश्लेषण करना और अच्छी गुणवत्ता की अध्ययन रिपोर्ट तैयार करना।
- प्राप्त हुए विभिन्न प्रश्नों और आरटीआई के लिए उत्तर तैयार करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने संबंधी क्षेत्रों में तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- सभी प्रासंगिक कागजात और आवंटित कार्य क्षेत्र संबंधी आंकड़ों के डाटाबेस का अनुरक्षण।
- प्रतिवेदन अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**योग्यताएं, कौशल और अनुभव**

योग्यताएं :

- एमबीबीएस के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य प्रबंधन, स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, अस्पताल प्रबंधन में मास्टर्स/ स्नातकोत्तर डिप्लोमा या
- अन्य नॉन–एमबीबीएस उम्मीदवार – 2 वर्ष की पूर्णकालिक एमबीए/सार्वजनिक स्वास्थ्य, अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि या स्नातकोत्तर डिप्लोमा। नॉन–एमबीबीएस में, अर्थशास्त्र, नर्सिंग मनोविज्ञान में स्नातक/ फिजियोथैरेपी के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में मासटर्स को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अनुभव** :

- सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपर्युक्त वांछनीय क्षेत्र में मास्टर्स/पीएचडी के साथ एमबीबीएस उम्मीदवार के मामले में, शैक्षिक योग्यता के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का अनुभव। पीएचसी/ब्लॉक में मेडिसिन की प्रेक्टिस कर चुके या एनएचएम के अंग के रूप में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- नॉन–एमबीबीएस उम्मीदवारों के मामले में, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्य में कम से कम दो वर्ष का अनुभव आवश्यक है। कनसल्टिंग में अनुभवी, विशेषरूप से राज्य/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की परियोजना में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- स्वास्थ्य या स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य/ब्लॉक स्तर पर विशेषरूप से नियोजन के क्षेत्र में कार्य अनुभव /दक्षता को वरीयता दी जाएगी।

**कौशल** :

- भारतीय संदर्भ में स्वास्थ्य और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिए मानव संसाधन की समझ।
- एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे सामान्य रूप से प्रयुक्त किए जाने वाले पैकेज में उच्च स्तर की प्रवीणता के साथ कंप्यूटर दक्षता। इंटरनेट उपयोग करने में निपुण अर्थात प्रासंगिक आंकड़े और दस्तावेज की खोज के लिए वेब सर्फिंग में निपुण।
- उत्कृष्ट लेखन और विश्लेषण कौशल।
- गुणवत्तापरक और गुणात्मक अनुसंधान विधियों के अनुसंधान और ज्ञान की समझ।
- आंकड़ों को गुणात्मक रूप देने और विश्लेषण तथा रिपोर्ट तैयार करने की क्षमता।
- दल के रूप में कार्य करने की क्षमता।
- अपेक्षित समय सीमा का पालन करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर एक साथ कार्य करने की क्षमता।

अन्य महत्वपूर्ण गुण :

- अनिवार्य रूप से उत्सुकता और तेजी से सीखना
- सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों पर कार्य करने का जुनून और प्रेरणा तथा समय पर परियोजना पूरी करना और सीखने के लिए उदार।
- दिया गया कार्य पूरा करने के लिए सामान्य कार्यालय समय के अलावा कार्य करने के बारे में लचीलापन।
- उत्कृष्ट कार्य संपन्न करने के लिए अभ्यास एवं लगन से काम करने का गुण
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों का भ्रमण करने के इच्छुक

उच्च गुणवत्ता के प्रकाशित कार्य या विशिष्ट प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, आयु और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र में कार्य करने में सफल होने के लिए उपर्युक्त भूमिकाएं और उत्तरदायित्व, योग्यताएं, कौशल और गुण आवश्यक हैं। हमारे यहां सख्त परिवीक्षा नीति है और अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे उम्मीदवारों को कनफर्म नहीं किया जाता है। यदि आप अच्छे कार्य के माध्यम से स्वयं को सिद्ध करने की क्षमता रखते हैं तो आप विज्ञापित पदों के लिए आवेदन हेतु आमंत्रित हैं।

**आयु सीमा** : 40 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)
**स्थान** : नई दिल्ली के साथ आवश्यकता के आधार यात्रा के लिए उत्सुक
**कनसल्टेंसी फीस बॉन्ड** : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/–
**वास्तविक प्रतिलाभ शैक्षिक योग्यताओं, अनुभव और पिछले वेतन पर आधारित होगा।**
चयन के लिए कई दौर की परीक्षा होगी जिसमें लिखित परीक्षा (व्यक्तिपरक और वस्तुनिष्ठ), आंकड़ों का विश्लेषणा/व्याख्या, कंप्यूटर दक्षता और साक्षात्कार सभी या कुछ शामिल हो सकते हैं। जहां कहीं संभव होगा इसे वर्चुअल रूप से किया जाएगा।

- इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों और समुचित स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जा सकता है।

**आवेदन के लिए** : उम्मीदवारों से संदर्भ की शर्तों से संलग्न आवेदन फार्म डाउनलोड करने का आग्रह किया जाता है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की वैबसाइट पर अपलोड किए गए हैं और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र केवल **14 अक्टूबर, 2020** तक **nhsrc.hrh@gmail.com** पर ईमेल किए जा सकते हैं। अन्य प्रारूपों में या प्रभावित करने के अभिप्राय से अन्य माध्यमों के जरिए जमा कराए गए आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदित पद का नाम आवेदन पत्र पर स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।